लखनऊ
सोमवार, 05 फरवरी 2024
वर्षः-08 अंकः-28
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
नई सोच, नया जुनून.....
करण वाणी



# झारखंड विधानसभा में बहुमत परिक्षण, चंपई सोरेन सरकार 'पास'

**झारखंड में सियासी हलचल के बीच सीएम चंपई सोरेन ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर अपनी अग्निपरीक्षा में सफलता हासिल की। विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजभवन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में पहली बार ऐसा हुआ, जब किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी राजभवन में हुई। चर्चा के दौरान सीएम चंपई सोरेन ने भी केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को फंसाने का आरोप लगाया। वहीं बीजेपी-आजसू पार्टी की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव का विरोध किया गया।**




**करण वाणी, न्यूज**

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोरेन ने सोमवार को विधानसभा में बहुमत हासिल कर लिया। विधानसभा के विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत का प्रस्ताव सदन में पेश किया गया। 82 सदस्यीय विधानसभा में गांडेय विधानसभा सीट जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के त्यागपत्र के कारण खाली है। जबकि जेएमएम रामदास सोरेन और बीजेपी के इंद्रजीत महतो विधानसभा नहीं पहुंच गए। घाटशिला के जेएमएम विधायक रामदास सोरेन किडनी की समस्या के कारण दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं बीजेपी विधायक इंद्रजीत महतो लंबे समय से हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाजरत हैं। विश्वास मत प्रस्ताव के पक्ष में 47 वोट प्राप्त हुए, जबकि विरोध में 29 मत मिले।

**खाता-बही नहीं, साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसाया**

विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव पेश करते हुए सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को फंसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन को उस मामले में गिरफ्तार किया है, जिसका कोई खाता-बही नहीं हैं। जबकि बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही का ईडी ने 7 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

**मेरी गिरफ्तारी में राजभवन भी शामिल-हेमंत सोरेन**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी बातों को सदन में रखते हुए बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने 31 जनवरी की रात को काली रात बताते हुए कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक काला अध्याय बन गया। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी की रात को देश में पहली बार किसी सीएम या पूर्व सीएम या किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी राजभवन में हुई। हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी में राजभवन भी शामिल रहा है।

**आरोप साबित हुआ तो राजनीति से सन्यास ले लेंगे**

हेमंत सोरेन ने ईडी के सभी आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यदि उनके नाम की 8.5 एकड़ जमीन के कागजात को सामने रख दिया जाए, तो वे राजनीति से सन्याय ले लेंगे। इतना ही नहीं वे झारखंड छोड़ कर चले जाएंगे।

**मैं आंसू नहीं बहाऊंगा, वक्त के लिए बचा का रखूंगा-हेमंत**

हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं आंसू नहीं बहाऊंगा, वक्त के लिए बचा कर रखूंगा। उन्होंने कहा कि राजभवन में पहली बार किसी की गिरफ्तारी हुई है। अब यह देखना कि राष्ट्रपति भवन, लोकसभा अध्यक्ष के आवास से गिरफ्तारी की शुरूआत कब होगी।

**कांग्रेस के साथ जो सटा, जेल गया-बाउरी**

बीजेपी विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि कांग्रेस देश और झारखंड विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ जो भी गया, वो जेल गया। अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस ने ही शिबू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को जेल भिजवाया। अब हेमंत सोरेन जेल गए, इसलिए सीएम चंपई सोरेन को भी सावधान रहे। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों के कार्यकाल में जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने झारखंड को दीमक की तरह से चाटने का काम किया है।

**मनोनीत विधायक ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन भी सदन में बोले**

विधानसभा में मनोनीत विधायक ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन ने भी सदन में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत हमारे जैसे लोगों के सदन पहुंचने का रास्ता बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा- ह्यमैं देश का अंतिम मनोनीत विधायक हूं।ह्ण उन्होंने कहा कि हम एक हैं, हमारा भारत एक हैं, हमें धर्म के नाम पर अलग न करें, राम के नाम को बदनाम न करें। भाजपा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपने हमारा हक छीन लिया।

# आपका विधायक- आपके द्वार, ग्राम परवर पूरब में आयोजित हुआ 59वां जनसुनवाई शिविर

## डॉ राजेश्वर सिंह निरंतर युवाओं का बढ़ा रहे हौसला, ग्राम परवर पूरब के 4 मेधावियों साईकल तथा युवाओ को स्पोर्ट्स किट देकर किया गया समानित व प्रोत्साहित

**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा साप्ताहिक तौर पर आयोजित ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्ण अन्त्योदय के पथ पर देश भर में नया मानदंड स्थापित कर रहा है। क्षेत्र के हर अंतिम व्यक्ति से सहज संवाद और उनके समस्याओं के समुचित समाधान के उद्देश्य से डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा 59वां ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्ण जनसुनवाई शिविर रविवार को सरोजनीनगर के ग्रामसभा परवर पूरब में आयोजित हुआ, जहाँ डॉ राजेश्वर सिंह की टीम द्वारा ग्रामवासियों से वातार्लाप कर उनकी समस्याएँ सुनी गयीं साथ ही समस्याओं त्वरित निस्तारण के लिए जनता को आश्वस्त किया गया तथा क्षेत्र के विकास संबंधित सुझावभी प्राप्त किए गये।



ग्राम परवर पूरब में 59 वें जनसुनवाई शिविर के दौरान गाँव की शानह्ण पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने 4 मेधावियों काजल, शालिनी, हरिओम एवं अतुल को साईकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,

ग्राम परवर पूरब में जनसुनवाई शिविर के दौरान प्राप्त जन समस्याओं में हैण्ड पम्प, वृद्धा/विधवा पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, सड़क, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड, ट्राइ साइकिल और एक स्वयं सहायता समूह से जुडी समस्या शामिल रही। बता दें निरंतर संचालितह्यआपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के दौरान प्राप्त समस्याओं पर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह प्रभावी कार्यवाही करशीघ्रता से समस्याओं का निस्तारण करते रहते हैं। डॉ सिंह का मानना है कि सरोजनीनगर को देश की सर्वोत्तम विधानसभा बनाने और उसके समग्र विकास के लिए क्षेत्र के हर अंतिम व्यक्ति से संवाद और उनके समस्या का समाधान बहुत जरूरी है, जिसके लिए यह कार्यक्रम अनवरत चलता रहेगा।

# फिल्मों के बाद राजनीति में दम दिखाएंगे विजय,

# तमिलगा वेट्री कजम नाम से लॉन्च की पार्टी

**फिल्मों के जरिए फैंस का जमकर मनोरंजन करने वाले विजय थलापति अब राजनीति में एंट्री लेने के लिए तैयार हैं। हाल ही में साउथसिनेमा के दिग्गज कलाकार ने अपनी राजनीतिक पार्टी का एलान किया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि क्या लियो एक्टर आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्शन लड़ते हुए नजर आएंगे।**



**करण वाणी, न्यूज**

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय ने शुक्रवार को राजनीति में कदम रख दिया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम भी अनाउंस कर दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम ह्यतमिलगा वेट्री कजमह्य रखा है।

विजय ने बयान जारी कियाझ्र हम 2024 का चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं और हम किसी पार्टी का समर्थन करने नहीं जा रहे हैं। हमने यह निर्णय सामान्य और कार्यकारी परिषद की बैठक के लिए किया है।

अभिनेता ने अपने स्टेटमेंट में कहाझ्रहम अपनी पार्टी ह्यतमिलागा वेट्री कजगमह्य को रजिस्टर करने के लिए आज चुनाव आयोग में आवेदन कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य आगामी 2026 विधानसभा चुनाव लड़ना और जीतना है। साथ ही मौलिक राजनीतिक परिवर्तन लाना है, जो लोग चाहते हैं।

तमिल फिल्म इंडस्ट्री में विजय को उनके फैन थलापति के नाम से जानते हैं। उनको तमिल सिनेमा में अगले रजनीकांत के रूप में देखा जाता है। लंबे वक्त से उन्हें एक शमीर्ले व्यक्ति के रूप में माना जाता है, लेकिन उनकी छवि एकदम विपरीत है। जिसमें उनका ऑन एक्शन हीरो और व्यक्तित्व शामिल है।

राजनीति में एंट्री के सात अब थलापति विजय तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने लोगों की एक लंबी सूची में शामिल हो गए हैं। जिसमें एमजीआर के नाम से मशहूर एम जी रामचंद्रन, शिवाजी गणेशन, जयललिता, दिवंगत कैप्टन विजयकांत और कमल हासन शामिल हैं।

49 वर्षीय अभिनेता राज्य के औसत राजनेता से काफी कम उम्र के हैं। वह द्रमुक के उदयनिधि स्टालिन (46) और राज्य भाजपा अध्यक्ष के अन्ना मलाई (38) जैसे युवा राजनेताओं के ग्रुप में शामिल हो गए हैं। इस ग्रुप में फिल्म निर्देशक से आक्रामक तमिल राष्ट्रवादी बने नाम तमिलर काची के 57 वर्षीय नेता सीमान सबसे बड़े हैं।

पिछले महीने चेन्नई में एक छात्र रैली में विजय ने भाग लिया था। इस दौरान थलापति विजय ने स्कूली छात्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि वे अपने माताझ्रपिता से कहें कि वे राजनेताओं से वोट के बदले नकदी न लें। साथ ही कहा कि वो खुद को बी आर अंबेडकर, पेरियार ई वी रामा सामी और के कामराज जैसे नेताओं के बारे पढ़ें और उस पर व्यापक चर्चा करें।

# अब आधी आबादी को विधानसभा और संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकताः सीएम योगी

**▶▶मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीजेपी के शक्ति वंदन अभियान समारोह में हुए शामिल**

**▶▶सीएम बोले, अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह देश की लोक आस्था की पुर्नप्रतिष्ठा का अभियान**



**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ। पांच सौ वर्षों की लंबी लड़ाई, संघर्ष, तपस्या और साधना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामलला प्राण प्रतिष्ठासमारोह की सिद्धि प्राप्त हुई है। यह केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह नहीं है बल्कि भारत की लोक आस्था, जन विश्वास और भारत के पुराने गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का एक अभियान है। आज जब पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश में अयोध्या धाम की ओर आकर्षित हो रही है तो आपसभी भी अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इसके लिए टीम पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवारको आईजीपी स्थित ज्यूपिटर हॉल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के शक्ति वंदन अभियान के उद्घाटन समारोह पर कही। इससेपहले सीएम योगी, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीजेपी की राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्पाजंलि और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

**ज्यादातर आधी आबादी को दिया गया प्रधानमंत्री आवास का मालिकाना हक**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछलेसाढ़े नौ वर्षों में देश में चलाए गए कार्यक्रम के अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में रामराज्य की परिकल्पना के अनुसार बिना किसी भेदभाव के किसानों, महिलाओं, नौजवानों और समाज के हर तबके के लोगों को ध्यान मेंरखकर योजनाएं बनाईं और इसका लाभ देने के लिए अभियान चलाया। इसी का नतीजा है कि पूरे देश में चार करोड़ गरीब परिवारों कोबिना भेदभाव के आवास दिये गये। इसमें भी ज्यादातर मालिकाना हक महिलाओं को दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए गए। यही नहीं हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। इतना ही नहीं पूरे देश में पहली बार गांवमें गरीबों को उनके आवास का मालिकाना हक देने के लिए पीएम स्वामित्व योजना चलायी गयी। यह इसलिए जरूरी था क्योंकि पहले गांव के दबंग इनका घर जर्जर होने पर बनाने नहीं देते थे और उस पर कब्जा कर लेते थे। स्ट्रीट वेंडर के बारे में कोई सोचता ही नहीं था, लेकिन आज उन्हे ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक स्वावलंबन के मार्ग पर प्रशस्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत देश के 10 करोड़ परिवार यानि 50 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया गया।

**अब महिलाओं को विधानसभा और संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेशभर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में एक उत्साह देखने को मिला था। इस अधिनियम के बाद अब कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभाऔर देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। देश में पहली बार महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हेमहिला स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2019 में 6 महिलाओं से शुरू हुई बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी में आज बुंदेलखंड की 63 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इसका वार्षिक टर्नओवर डेढ़ सौ करोड़ का है जबकि नेट प्रॉफिट लगभग15 करोड़ का है। कोरोना काल खंड में अकाउंट से पैसे निकालने के लिए बैंक में भीड़ न एकत्रित हो इसके लिए बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी अभियान को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश में 56 हजार से अधिक बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी का चयन किया गया। आज प्रदेश में 57 हजारसे अधिक ग्राम पंचायत में बैंक के लेनझ्रदेन का काम बीसी सखी कर रही हैं और वह प्रतिमाह 15000 से लेकर सवा लाख रुपये कमारहीं हैं।

## लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर अखिलेश की प्रतिक्रिया

# अपने वोट को बांधने के लिए दिया जा रहा भारत रत्न

**लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भारत सरकार के एलान पर सवाल उठाए।**



लालकृष्ण आडवाणी, अखिलेश यादव

**करण वाणी, न्यूज**

बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस संदर्भ में चौंकाने वाला दावा किया है. सपा प्रमुख ने भारत सरकार के इस फैसले को चुनाव से जोड़कर टिप्पणी की है.

पूर्व सीएम ने कहा– 'यह भारत रत्न अपने वोट को बांधने के लिए दिया जा रहा है.' अखिलेश यादव ने कहा कि भारत रत्न सम्मान में नहीं दिया जा रहा है. बल्कि वोट को बांधने के लिए दिया जा रहा है.

योगी सरकार पर भी बोला हमला

बलरामपुर पहुंचे अखिलेश ने योगी सरकार पर भी हमला बोला. उन्होंने कहा कि 'मैंने कई बार यह कहा कि कोई पुण्य काम होने जा रहा हो और ढउ्अ के लोग, 90% आबादी वाले दुःखी हो तो कैसे पुण्य होगा. जमीन घोटाला हुआ है वह भी अगर गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या जैसी जगह पर तो सोचिए आप कि किस नाम पर इस सरकार में इस तरह का घोटाला हो रहा है.'

सपा प्रमुख ने कहा कि 'बीजेपी को चिंता इस बात की करनी चाहिए कि उनके सांसदों की परफॉर्मेंस क्या है. उत्तर प्रदेश दिल्ली की सरकार उनकी रही, कहीं भी उन्होंने कोई कारखाना लगवाया हो तो बता दें. 40 लाख करोड़ का अगर इन्वेस्टमेंट यूपी में आ रहा है तो बलरामपुर, गोंडा में निवेश क्यों नहीं आ रहा?'

उन्होंने कहा कि 'यह जो बेरोजगार इजरायल जा रहे हैं और अग्निवीर के लोग कपड़े उतार कर आंदोलन कर रहे हैं इनसे कैसे बीजेपी बच पाएगी? और यह जो नई आवाज उठी है पीडीए वाली, 90% लोग इसमें शामिल है तो भारतीय जनता पार्टी कैसे बचेगी?'

बलरामपुर में सपा के नेता रहे एसपी यादव को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे अखिलेश ने कहा– 'एसपी यादव जी लोकप्रिय नेता थे, वह जीवन भर गांव, गरीब, किसान के लिए संघर्ष करते रहें. समाजवादी पार्टी के वो संस्थापक नेता थे. हम लोगों ने उन्हें खोया है, हमारी पार्टी और इस परिवार की बहुत क्षति हुई है.'

# भारत रत्न की घोषणा पर जयराम रमेश का कटाक्ष

## 'लालकृष्ण आडवाणी ने ही 2002 में बचाई थी मोदी की कुर्सी...

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का स्वागत करती है. वहीं कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी को लालकृष्ण आडवाणी की याद बहुत देर से आई।**




**करण वाणी, न्यूज**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीजेपी के कद्दावर नेता ने ही 2002 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की कुर्सी बचाई थी. उन्होंने यह टिप्पणी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से इतर झारखंड के देवघर के मोहनपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए की. लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के सवाल पर जयराम रमेश ने कहा, '2002 में आडवाणी ने ही नरेंद्र मोदी को बचाया था'.

कांग्रेस नेता ने कहा, 'तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नरेंद्र मोदी को राजधर्म का पाठ याद दिलाया था और उन्हें सीएम पद से हटाना चाहते थे. हालांकि, केवल एक व्यक्ति ने उन्हें बचाया और वह गोवा में (भाजपा की बैठक में) आडवाणी थे'. बता दें कि गोधरा रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस की दो बोगियों में आगजनी की घटना के बाद गुजरात में दंगे भड़क गए थे. उस वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे. मोदी सरकार के कार्यकाल में नानाजी देशमुख, भूपेन हजारिका, प्रणब मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है. अब इसमें कपूर्री ठाकुर और लालकृष्ण आडवाणी का नाम भी जुड़ गया है.

**आडवाणी ने मोदी को बताया था शानदार इवेंट मैनेजरः जयराम रमेश**

जयराम रमेश ने दावा किया कि लालकृष्ण आडवाणी ने नरेंद्र मोदी को 'शानदार इवेंट मैनेजर' बताते हुए एक मशहूर बयान भी दिया था. उन्होंने कहा, '2014 के लोकसभा चुनावों से पहले गांधीनगर में लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी उनके शिष्य नहीं बल्कि एक शानदार इवेंट मैनेजर हैं. मैं इन शब्दों का प्रयोग नहीं कर रहा हूं. उनके बारे में ये शब्द आडवाणी ने इस्तेमाल किये थे.' वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 'जब मैं आडवाणी और मोदी को देखता हूं तो मुझे ये दो चीजें याद आती हैं'.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का स्वागत करती है. वहीं कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी को लालकृष्ण आडवाणी की याद बहुत देर से आई. समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी के वोट न बिखरें इसलिए आडवाणी को भारत रत्न दिया जा रहा है. यह घोषणा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के कुछ दिनों बाद की गई है. बता दें कि लालकृष्ण आडवाणी राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेता थे.

लालकृष्ण आडवाणी ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ, मैं भारत रत्न स्वीकार करता हूं, जो आज मुझे प्रदान किया गया है. यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका मैंने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के अनुसार जीवन भर पालन करने का प्रयास किया'. पिछले महीने केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की थी.

# सीएम योगी ने दी वॉर्निंग, कहा- अगर बदमाशी करने की कोशिश की तो होगा राम नाम सत्य

**सीएम योगी ने कहा कि यूपी में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर स्थापित किया जा रहा है. जहां एक कमरे में बैठेकर जिले और शहर के सभी प्रमुख चौराहों की निगरनी सीसीटीवी कैमरे की मदद से की जा रही है।**



**करण वाणी, न्यूज**

संत कबीर नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदमाशों-शोहदों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब किसी ने बेटी को छेड़ने कोशिश की तो वह बच नहीं पाएगा; अगले ही चौराहे पर उसका राम नाम सत?य हो जाएगा. जिले के कबीर मगहर महोत्सव के समापन समारोह पर 600 जोड़े के विवाह आशीर्वाद समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामूहिक विवाह योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार की कल्याणकारी योजनाएं लोगों के जीवन में बदलाव की महत्वपूर्ण कारक बन रही हैं. सीएम योगी आदित्यनाथ मगहर में करीब 3.20 बजे कबीर चौरा पहुंचे. इसके बाद वह संत कबीर के निर्वाण स्थली के मजार व समाधि पर पहुंचकर दर्शन किया. इसके बाद उन्होंने सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह के बंधन में बंधे 600 जोड़ों को आशीर्वाद दिया.

**कबीर के बिना मगहर नरक था.. संत के चमत?कार ने इसे स?वर्णमयी बनाया**

अपने संबोधन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कबीर के बगैर मगहर सचमुच नरक था. कबीर के बारे में यह मान्यता थी कि मगहर में जाने से नरक मिलता है. यहां की जमीन नमकीन थी और पानी भी खारा था लेकिन कबीर के चमत्कार ने इसे स्वर्णमयी बना दिया. आज संत कबीर के चमत्कार से पूरा जनपद चमत्कृत हो उठा है. इसीलिए, कबीर महोत्सव इस जनपद की पहचान है.

**अब जिले में हो रहा है तेजी से विकास**

उन्होंने संतकबीरनगर जिले के विकास की बात करते हुए कहा कि मगहर के विकास के साथ- साथ बखिरा झील को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है. इसके अलावा बखिरा झील को पक्षी विहार और मछुआरों के लिए मछली पालन के लिए विकसित किया जा रहा है. उसके साथ ही बाबा तामेश्वर नाथ धाम को भी हम पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रहे हैं.

**जनपद में सुरक्षा की दृष्टि से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बन रहा**

इस जनपद में मेडिकल कॉलेज और बसों के ठहराव के लिए रोडवेज बनाने के लिए जमीन की तलाश कर रहे हैं. सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनपद में सुरक्षा की दृष्टि से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर का निर्माण किया जा रहा है. इससे एक ही जगह पर पूरे जनपद की निगरानी की जा सके. सीएम योगी शोहदों को हिदायत देते हुए कहा कि किसी महिला या बेटी को किसी ने छेड़ने या चोरी व डकैती करने का प्रयास किया तो अगले चौराहे पर जाते -जाते पुलिस राम नाम सत्य की बात सामने आ जाएगी.

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव बढ़ा**

उन्होंने प्रदेश समेत जनपद में विकास और रोजगार की गारंटी की बात करते हुए कहा कि जब देश शक्तिशाली होता है तब वह समर्थ होता है तो समृद्धि अपने आप आने लगती है. प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते हुए उन्होंने कहा कि आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में देश का गौरव बढ़ा, हम सबका गौरव बढ़ा. आज देश की 140 करोड़ जनता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है.

**भारत अब विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश**

आज मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है. उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि 2024 में एक बार पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में बनने का अवसर दें ताकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।

# एएसआई ने पहली बार बनाया ज्ञानवापी का प्रामाणिक नक्शा

## कहा- कल्पना या बातचीत पर आधारित थे पुराने


**करण वाणी, न्यूज**

एएसआई के मुताबिक, जेम्स प्रिंसेप सहित अन्य ने जो नक्शे बनाए गए थे, वह काशी के लोगों से चर्चा या फिर उनसे बातचीत पर आधारित थे। नक्शे कल्पना के अनुसार बने थे, जिसे प्रामाणिक नहीं कहा जा सकता।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने पहली बार ज्ञानवापी का प्रामाणिक नक्शा बनाया है। एएसआई के मुताबिक, जेम्स प्रिंसेप सहित अन्य ने जो नक्शे बनाए गए थे, वह काशी के लोगों से चर्चा या फिर उनसे बातचीत पर आधारित थे। नक्शे कल्पना के अनुसार बने थे, जिसे प्रामाणिक नहीं कहा जा सकता। यह पहला मौका है, जब वैज्ञानिक पद्धति से ज्ञानवापी और उसकी संरचनाओं की लंबाई-चौड़ाई का माप-जोख कर प्रामाणिक ब्योरा उपलब्ध कराया गया है।

ज्ञानवापी की 839 पेज की सर्वे रिपोर्ट जिला जज की अदालत में दाखिल की गई थी। रिपोर्ट के वॉल्यूम-चार के पेज संख्या 207 में प्लाट नंबर-9130 स्थित ज्ञानवापी परिसर का नक्शा प्रस्तुत किया गया है। इसके मुताबिक, पहली बार ज्ञानवापी परिसर के मलबे को साफ कराकर अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से वैज्ञानिक पद्धति से नक्शा बनाया गया है। इससे पहले ऐसा नहीं हुआ था।

रिपोर्ट में ज्ञानवापी की मौजूदा संरचना के केंद्रीय हॉल, उत्तरी हॉल, दक्षिणी हॉल, पूर्वी-पश्चिमी व उत्तरी-दक्षिणी गलियारे और उनसे सटे कमरों की लंबाई, चौड़ाई की वास्तविक स्थिति बताई गई है। सर्वे में शामिल रहे पुरातत्वविदों के अनुसार, हम यह दावे के साथ कह सकते हैं कि इतिहास में पहली बार ज्ञानवापी का प्रामाणिक नक्शा एएसआई ने बनाया है।



# जौनपुर का लाल अमेरिका में बनवायेगा राम मंदिर

**करण वाणी, न्यूज**

जौनपुर। जिले के बदलापुर के मूल निवासी और अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत के प्रथम कमिश्नर सी बी यादव (चंद्रभूषण यादव) अमेरिकामें भगवान राम का मंदिर बनवाने जा रहे हैं। 2025 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका पूजन भी कराएंगे। विगत दिनों भारत दौरे पर आए सी बी यादव ने एक दिन पूर्व लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें अगले वर्ष अमेरिका केजार्जिया में रामायण म्यूजियम और भगवान राम के भव्य मंदिर के भूमि पूजन करने के लिए मुख्य मंत्री को आमंत्रित किया जिसे योगीजी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस दौरान सी बी यादव और उनके साथ आए लोगों ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य मंत्री जी का स्वागतकिया। लखनऊ प्रवास के दौरान सी बी यादव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवास परउनसे और उनकी पत्नी डिंपल यादव से मुलाकात की।

28 जनवरी को भारत दौरे पर आए सी बी यादव ने वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया इसके उपरांत बदलापुर क्षेत्रके नेवादा मुखलिसपुर पैतृक गांव में पहुंचकर परिवार वालों से थोड़ी देर मुलाकात की और लखनऊ रवाना हो गए।

दूरभाष पर बातचीत के दौरान सी बी यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर बनने के बाद पूरा देश रामायण हो गया है।उन्होंने भी अमेरिका के जॉर्जिया में भगवान राम के भव्य मंदिर बनाने के लिए जमीन ले रखा है सीख रही उसे पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जॉर्जिया में बन रहे रामायण म्यूजियम और भव्य राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए 2025 में हिंदू हृदय सम्राट और उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आफिसियली आमंत्रण भेजूंगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत देश में पुराने और जीवन सिंह मंदिरों और धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करने का समय आ गया है। उन्होंने जौनपुर के प्रसिद्ध माता शीतला चौकिया धाम में मूलभूत आवश्यक सुविधाओं व गेस्ट हाउस आदि बनवाने की बात भी की।

जौनपुर जिले के बदलापुर में प्राथमिक से लेकर जूनियर हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात सी बी यादव इलाहाबाद चलेगए और वहां पर इंटर तक पढ़ाई की। इसके पश्चात महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग कालेज से कंप्यूटर साइंस से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उनकी



शादी सुगंधा के साथ हो गई। अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ 2003 में अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत में जाकर व्यवसाय शुरू कर दिया। व्यवसाय में सफलता हासिल करने के दौरान सी बी यादव जॉर्जिया के गवर्नर ब्रेन कैंप के नजदीक आए। गवर्नर ब्रायन कैंप के सहयोग और खुद की इच्छा शक्ति के बल पर श्री यादव ने जर्जियाई आयोग के प्रथम सदस्य कापद प्राप्त किया। 20 वर्ष पूर्व जॉर्जिया (अमेरिका) के कैमडेन शहर में एक छोटा व्यवसाय शुरू करने वाले सी बी यादव आज कई किराना स्टोर और मोटर व्यवसाय के मालिक भी हैं। बताते चलें कि जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन कैम्प की पहचान अमेरिका में भारत के सबसे बड़े मददगार के रुप में की जाती है।

सी बी यादव अमेरिका में छोटे व्यवसाय के विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नियमों को सुव्यवस्थित करने के तरीकों पर विचार करने के लिए 2019 में गवर्नर ब्रायन केम्प द्वारा स्थापित जॉर्जियाई प्रथम आयोग में कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं।

वह किंग्सलैंड, कैमडेन काउंटी, दक्षिण जॉर्जिया में रहने वाले स्थानीय राजनीतिक क्षेत्र में एक प्रसिद्ध व्यक्ति हैं। अपनी राजनीतिक गतिविधियों के अलावा, वह क्षेत्र में कई होटलों और मोटल के मालिक और उनके प्रबंधन कर्ता भी है।

# महिला जज का शव सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला, मौके से मिला सुसाइड नोट

बदायूं में महिला जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह उनके सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। ज्योत्सना राय सिविल जज जूनियर डिवीजन की मुंसिफ मजिस्ट्रेट थीं।





जज के सरकारी आवास के बाहर जुटी भीड़-फोटो

**करण वाणी, न्यूज**

उत्तर प्रदेश के बदायूं में बड़ी घटना हुई है। शनिवार सुबह सरकारी आवास में महिला जज ज्योत्सना राय का शव फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर डीएम-एसएसपी समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए। घटनास्थल पर छानबीन कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसके बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय की जज ज्योत्सना राय शनिवार सुबह अपने कोर्ट में नहीं पहुंचीं। साथी जजों ने उनके नंबर पर कॉल की, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। कर्मचारियों के मुताबिक जज के आवास का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई।

**पंखे से लटका था शव**

मौके पर पहुंची पुलिस ने धक्का मारकर उनके आवास का दरवाजा खोला। तब पुलिस अंदर घर में दाखिल हुई। अंदर एक कमरे में पंखे से उनका शव फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना पर डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मौके पर छानबीन के दौरान कुछ अभिलेख मिले हैं, जो घटनाक्रम से संबंधित हो सकता है। सभी तथ्यों पर गहनता से जांच कराई जा रही है।

**मऊ की रहने वाली थीं ज्योत्सना राय**

बताया जा रहा है कि ज्योत्सना राय मूल रूप से मऊ जिले की रहने वाली थीं। वह बदायूं में सिविल जज जूनियर डिवीजन की मुंसिफ मजिस्ट्रेट थीं। बदायूं में उनकी दूसरी पोस्टिंग थी। इससे पहले वह अयोध्या में भी तैनात रह चुकी थीं। वह वर्ष 2019 में सिविल जज बनी थीं। उनकी उम्र 29 साल बताई गई है। सरकारी आवास में महिला जज का शव मिलने से हर कोई स्तब्ध है।

# मैडम पूनम, इस घटिया पब्लिसिटी स्टंट पर शर्म कीजिए

## सर्वाइकल कैंसर और मौत की झूठी स्क्रिप्ट!

**करण वाणी, न्यूज**

नई दिल्लीः मजाक करने की भी एक सीमा होती है लेकिन पूनम पांडे ने तो सारी हदें ही पार कर दीं। मजाक भी ऐसा कि लोग अब तक इसे नहीं पचा पा रहे हैं। कैंसर जैसी घातक और जानलेवा बीमारी के लिए कोई ऐसे जागरुकता फैलाता है भला! वो कैंसर जिसका नाम सुनकर देश ही नहीं दुनियाभर के लोगों की सांसें ऊपर नीचे होने लगती हैं, जिससे जूझते हुए मरीज ही नहीं पूरा घर टूट जाता है, ऐसा रोग जिससे लड़ते-लड़ते हर साल भारत में 10 लाख लोग काल के गाल में समा जाते हैं। आपने उसके नाम पर ऐसा भद्दा मजाक किया? कैंसर के जिस प्रकार के नाम पर आपने अपने मौत की झूठी स्क्रिप्ट लिखी, उससे जूझने वाली महिलाओं के दर्द की कल्पना मात्र भी कर लेतीं तो शायद आपको यह सब न करना पड़ता। 24 घंटे पहले(शुक्रवार), सर्वाइकल कैंसर की बीमारी के चलते अपने फैंस को अलविदा कहने वाली पूनम ठीक 24 घंटे बाद यानी आज शनिवार को कैमरे पर आती हैं और कहती हैं कि मेरी मौत की अफवाह झूठी थी और मुझे सर्वाइकल कैंसर नहीं था। मैं तो बस महिलाओं में तेजी से फैल रहे इस रोग के लिए जागरूक करना चाहती थी। इस चीप कहें या सस्ती पब्लिसिटी, आपको क्या मिला? फैंस ही नहीं, बाकी लोग भी आपके इस कृत्य से गुस्से में हैं। पूरा सोशल मीडिया आप पर गुस्सा निकाल रहा है। आपको अंदाजा भी नहीं है कि आपने जो किया है, उसका क्या रिजल्ट निकल सकता है। पूनम जी जिस बीमारी के बारे में जागरुकता फैलाने के नाम पर आपने अपने आपको ही मार दिया, उस कैंसर की गंभीरता को आप समझिए। शायद आप ऐसा चीप स्टंट करने से पहले 100 बार सोचें।

**24 घंटे के अंदर जिंदा, फैंस आगबबूला**

पूनम पांडे का फैन बेस क्या है, किसी से छिपा नहीं है। जो पूनम पांडे को जानते हैं उन्हें यह भलीभांति मालूम है। इसे विस्तार से बताने की जरूरत नहीं है। चूंकि पूनम मॉडल भी हैं तो फिल्म इंडस्ट्री से भी उनका थोड़ा बहुत नाता है। शुक्रवार को जो फैंस उनकी झूठी मौत पर शॉक थे, सांत्वना दे रहे थे, आंसू बहा रहे थे, वही 24 घंटे बाद गुस्सा निकाल रहे हैं। गुस्सा इस बात का कि जिस कैंसर के बाद महिलाएं अपना जीवन गंवा बैठती हैं, उसके नाम पर पूनम ने अपने मौत की फर्जी कहानी गढ़ी थी। सिर्फ इसके लिए कि वह इस घातक बीमारी के बारे में जागरुक कर सकें। सोशल मीडिया पर लोग भड़के हुए हैं। ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर ने कहा कि यह बेहद असंवेदनशील कैंपेन था। बहुत गिरा हुआ था। अरविंद तोंडे नामक यूजर ने लिखा कि जागरुकता ऐसी फैलाओ कि 4 लोग गाली दें। कई इंस्टा यूजर ने तो लिखा की पूनम आपको शर्म आनी चाहिए।




डॉक्टर क्यूटरस के नाम से मशहूर डॉक्टर तान्या ने भी पूनम का विरोध करते हुए कहा कि मुझे अपने इस घटिया जागरुकता अभियान से मत जोड़ो। मैं बहुत दिनों से इस सर्वाइकल कैंसर को लेकर दी जाने वाली वैक्सीन के लिए जागरुकता अभियान चला रही हूं। तब तक शायद आपके इस घटिया सोच का जन्म भी नहीं हुआ था। यह कदम बेहद असंवेदनशील था। जाने-माने फिल्मकार और इंडियन फिल्म एंड टीवी डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक पंडित ने कहा कि यह बहुत ही दुखद और चौंकाने वाला है। जिस तरह से एक एक्ट्रेस ने सर्वाइकल कैंसर के चलते अपनी मौत की खबर का एलान किया। उन्होंने लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने मॉडल पूनम पांडे और उनके मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए मुंबई के विक्रोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को पत्र लिखा है।

DNM GROUP OF INSTITUTIONS
LUCKNOW
पॉलिटेक्निक
डी. फार्मा
बी.ए.
बी.एस.सी
Admission Open
7880341111
www.dnmiet.ac.in
एन.एच.25-ए,कटी बगिया (साई मंदिर के पास), बंथरा, कानपुर रोड, लखनऊ

# पहाड़ों पर बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में बारिश ने बढ़ाई परेशानी

करण वाणी, न्यूज

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से एक बार फिर पारा लुढ़कने लगा है। हिमाचल में बर्फबारी और बारिश ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। दिल्ली में रविवार सुबह हल्की बारिश हुई। बारिश के कारण एक बार फिर ठंडी हवाओं के साथ दिल्ली में ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार आज दिनभर बारिश हो सकती है। इसके बाद 7 फरवरी से तेज बर्फीली हवाएं चलेंगी।


पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। दिल्ली में एक बार फिर बारिश और बर्फीली हवाओं के साथ ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज दिनभर बारिश हो सकती है। इसके बाद 5 और 6 फरवरी को कोहरा वापसी करेगा। इसके बाद 7 फरवरी से तेज बर्फीली हवाएं चलेंगी। वहीं, हिमाचल के कई जिलों में आंधी व भारी बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली के अलावा सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत, तटीय ओडिशा और राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हुई।

**कैसा रहेगा आज दिल्ली का मौसम**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के इलाकों में रविवार सुबह हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने के कारण दिल्ली में रविवार को आकाश में बादल छाए रहेंगे। साथ हल्की बारिश या तेज हवा के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसलिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसके बाद दो दिन मध्यम से घने स्तर का कोहरा हो सकता है।

**यूपी के कई जिलों में बारिश का अलर्ट**

उत्तरप्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली से सटे नोएडा और आगरा में सुबह बूंदाबांदी होने से मौसम में ठंडक और बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार और सोमवार को राजधानी समेत प्रदेश





के 52 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी में बताया कि राज्य में तेज हवा के साथ वज्रपात भी हो सकती है साथ ही ओला भी गिरने का अनुमान जताया है।

**हिमाचल की पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश का डबल अटैक**

हिमाचल के पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण कड़ाके की ठंड पर रही है। बर्फबारी के साथ हो रही बारिश के कारण ठंड का डबल अटैक लोगों की परेशानी को बढ़ा रहा है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूवार्नुमान के अनुसार आगामी दो दिनों प्रदेश के छह जिलों लाहुल स्पीति, किन्नौर, शिमला, कांगड़ा, मंडी व कुल्लू में आंधी व भारी बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को शिमला सहित कुफरी, नारकंडा, रोहतांग आदि में हल्की बर्फबारी हुई।

**इन राज्यों में भी हुई बारिश**

पिछले 24 घंटों के दौरान अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत, तटीय ओडिशा और राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हुई। केरल में छिटपुट हल्की बारिश हुई।

# फसल के जरिए लाखों की कमाई सालाना, 1 लीटर तेल की कीमत लगभग 7000 रुपये

एक एकड़ में जोजोबा की खेती करने से 5 क्विंटल बीज निकलता है, वहीं अगर बाजार में इसकी कीमत की बात करें तो जोजोबा के 1 लीटर तेल की कीमत लगभग 7000 रुपये है।

करण वाणी, न्यूज

धीरे-धीरे खेती उन्नत होती जा रही है, किसान अब ऐसी फसलों की तरफ ध्यान दे रहे हैं जिनसे उन्हें मोटा मुनाफा हो. इन्हीं फसलों में से एक है जोजोबा. यह फसल ज्यादातर रेगिस्तान वाले इलाकों में होती है. भारत में राजस्थान एक ऐसा राज्य है जहां की किसान ने फसल के जरिए लाखों की कमाई सालाना करते हैं. आज हम आपको इसी फसल से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराएंगे और इसके साथ ही बताएंगे कि अगर आप अपने राज्य में इसकी खेती करना चाहें तो कैसे कर सकते हैं।

जोजोबा के उपज की बात करें तो यह अन्य फसलों के मुकाबले काफी ज्यादा है. एक एकड़ में जोजोबा की खेती करने से 5 क्विंटल बीज निकलता है. वहीं अगर बाजार में इसकी कीमत की बात करें तो जोजोबा के 1 लीटर तेल की कीमत लगभग 7000 रुपये है. आपको बता दें 5 क्विंटल सीड से 250 लीटर तेल निकल सकता है।

जोजोबा के बीज से निकलने वाले तेल में वैक्स एस्टर मौजूद होते हैं. ये वैक्स एस्टर, मॉइस्चराइजर, शैंपू, बालों के तेल, लिपस्टिक, कंडीशनर, एंटी-एजिंग और सन केयर प्रॉडक्ट्स बनाने में इस्तेमाल किये जाते हैं. इसके अलावा केमिकल्स और दवायें बनाने में भी इसका बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जाता है।

जोजोबा की फसल मुख्य रूप से राजस्थान में होती है. हालांकि, कृषि विशेषज्ञों की मानें तो पंजाब, हरियाणा उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के किसान भी जोजोबा की खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं. यूपी और बिहार वाले किसान भी इस फसल में अपने हाथ आजमां सकते हैं, लेकिन बस उन्हें थोड़ी तकनीक का भी इसकी खेती के लिए सहारा लेना पड़ेगा. हालांकि, बुंदेलखंड के कुछ इलाकों में इसकी फसल बोई जा सकती है और उससे मुनाफा भी कमाया जा सकता है।



हिन्दी साप्ताहिक
करण वाणी



# अमेरिका ने की इराक-सीरिया में एयर स्ट्राइक, मरने वालों की संख्या 40 हुई

**एक बयान में कहा गया है कि हमलों को इराक की संप्रभुता के खिलाफ नई आक्रामकता के रूप में लिया गया है. बयान में इस हमले की निंदा की गई है. साथ ही इस बात से इनकार किया कि इराक सरकार ने पहले से ही वॉशिंगटन के साथ बातचीत की थी।**




**करण वाणी, न्यूज**

इराक-सीरिया में ईरान समर्थित ठिकानों पर अमेरिका ने एयर स्ट्राइक की है, इस अटैक में 40 नागरिक मारे गए हैं, जबकि 25 लोग घायल हो गए हैं. इस घटना की जानकारी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के ऑफिस ने दी. एक बयान में कहा गया है कि हमलों को इराक की संप्रभुता के खिलाफ नई आक्रामकता के रूप में लिया गया है. बयान में इस हमले की निंदा की गई है. साथ ही इस बात से इनकार किया कि इराक सरकार ने पहले से ही वॉशिंगटन के साथ बातचीत की थी. इस तरह के दावों को झूठा करार दिया है.

बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में अमेरिकी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन की मौजूदगी "इराक में सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में इराक को शामिल करने का कारण बन गई है.

इराक सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कई अमेरिकी विमानों ने आकाशत और अल-कैम क्षेत्रों में बमबारी की, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल थे जहां हमारे सुरक्षा बल तैनात हैं, साथ ही आसपास के नागरिक स्थान भी शामिल थे. इस जबरदस्त हमले के कारण नागरिकों समेत 40 लोग मारे गए हैं और 25 घायल हो गए हैं. इसके अलावा हमले के कारण आवासीय भवनों और नागरिकों की संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है.

अमेरिकी पक्ष जानबूझकर इस हमले को अंजाम देने के लिए इराकी अधिकारियों के साथ समन्वय बताते हुए तथ्यों को धोखा देने और विकृत करने में लगा रहा. ये हवाई हमला इराक में सुरक्षा स्थिति को रसातल के कगार पर पहुंचा देगा, जिससे आवश्यक स्थिरता स्थापित करने के लिए चल रहे प्रयास खतरे में पड़ जाएंगे.

इराक ने कहा कि हम इस बात पर जोर देते हैं कि अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की उपस्थिति जो अपने निर्धारित कार्यों और दिए गए जनादेश से भटक गई है वह इराक में सुरक्षा और स्थिरता को खतरे में डालने का एक कारण बन गई है. यह इराक को क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में उलझाने की दिशा में भी काम कर रहा है. इराकी सरकार हमारी जमीन, शहरों और हमारी सेनाओं की सभी शाखाओं में काम करने वाले लोगों के जीवन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है.

# केजरीवाल के बाद आतिशी पर क्राइम ब्रांच का ऐक्शन

**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बाद अब शिक्षा मंत्री आतिशी के घर क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने पहुंची। केजरीवाल के साथ-साथ आतिशी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बीजेपी पर उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।**

**करण वाणी, न्यूज**

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर जाकर क्राइम ब्रांच की टीम ने पांच घंटे तक चले नाटकीय ड्रामा के बाद नोटिस दिया। केजरीवाल के बाद दिल्ली पुलिस आज शिक्षा मंत्री आतिशी के घर भी नोटिस देने पहुंची। आतिशी घर पर मौजूद नहीं हैं। कैम्प ऑफिस के लोगों से नोटिस रिसीव करने के लिए कहा। कल आतिशी दिल्ली से बाहर थीं, इसलिए आज उन्हें क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने पहुंची है। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किये जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर केजरीवाल से जवाब मांगा है। दिल्ली पुलिस की टीम आतिशी के घर से लौट गई है।

**आतिशी को नोटिस क्यों?**

बता दें कि पिछले सप्ताह केजरीवाल और आतिशी ने बीजेपी पर उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के गंभीर आरोप लगाए थे। केजरीवाल ने कहा था कि बीजेपी ने दिल्ली में उनकी सरकार गिराने के लिए आप के सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। इसके बाद, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी ने दिल्ली में ह्यऑपरेशन लोटस 2.0ह्न शुरू किया है। आतिशी ने कहा, ह्यउन्होंने अअढ विधायकों को पैसे की पेशकश कर अपने पाले में करने की इसी तरह की कोशिश पिछले साल भी की थी, लेकिन वे असफल रहे।

**बीजेपी ने दिल्ली पुलिस से की आरोपों की जांच करने की मांग**

इन आरोपों के बाद, दिल्ली बीजेपी प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 30 जनवरी को दिल्ली पुलिस से शिकायत की और आरोपों की जांच किए जाने की मांग की। इस मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम शुक्रवार को भी केजरीवाल और दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंची थी। हालांकि शुक्रवार को केजरीवाल और आतिशी में किसी को नोटिस नहीं दिया गया, क्योंकि केजरीवाल के आवास पर अधिकारियों ने इसे लेने से इनकार कर दिया था और आतिशी भी आवास पर मौजूद



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800